संक्षिप्त

भूले-बिसरे खेल प्रतियोगिता

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा महिला मंडल की ओर से नयापुरा जेके पेवेलियन स्टेडियम में बचपन की यादों से जुड़े अनेक खेलों का आयोजन किया गया। महिला मंडल की अध्यक्ष शालू अग्रवाल, महामंत्री ममता गोयल, सोनिया मित्तल ने बताया कि महिला सदस्यों ने चम्मच दौड़, नींबू दौड़, म्यूजिकल राउंड, महिला म्यूजिकल चेयर, सतोलिया, क्रिकेट आदि खेल के कराए गए। कार्यक्रम में सभी खेलों की अलग-अलग टीम बनाई गई थी। जूनियर नींबू दौड़ में प्रथम मान्या अग्रवाल, द्वितीय जास्वी गुप्ता, सीनियर वर्ग नींबू दौड़ में हीया गुप्ता प्रथम, यथार्थ जैन सेकंड, महिला म्यूजिक राउंड में प्रथम ममता गोयल, द्वितीय पायल जैन, महिला म्यूजिकल चेयर में प्रथम उषा अग्रवाल, द्वितीय कमला अग्रवाल, म्यूजिकल चैयर पुरुष वर्ग में उपेंद्र राय जैन प्रथम तथा अनिल अग्रवाल सेकंड रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कार दिया गया।

अतिरिक्त सामान्य कोच

कोटा, (निसं)। कोटा मंडल से होकर गुजरने वाली ट्रेन संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस में 17 एवं 18 नवंबर 2025 को यात्रियों की सुविधा हेतु 1 अतिरिक्त सामान्य कोच जोड़ा जा रहा हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि अतिरिक्त कोच से संबंधित जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त कर यात्रा की योजना बनाएं।

डॉ. अरोड़ा को फेलोशिप की उपाधि

अजमेर(निसं) । जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अजमेर के श्वसन रोग विभाग में कार्यरत सह-आचार्य डॉ. पीयूष अरोड़ा को जयपुर में आयोजित श्वास रोग विशेषज्ञों के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में एफ.आई.सी.एस. (फेलोशिप ऑफ इंडियन चेस्ट सोसाइटी) की प्रतिष्ठित उपाधि प्रदान की गई। यह सम्मान उन्हें इंडियन चेस्ट सोसायटी के पदाधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. अरोड़ा ने इसी अधिवेशन में नवीनतम फेफड़ों की कार्यक्षमता की जाँच (पल्मोनरी फंक्शन टेस्टिंग) पर आयोजित कार्यशाला में व्याख्यान दिया।

छोटे बच्चों के बनेंगे आधार कार्ड

मांगरोल । स्थानीय कस्बे के डाकघर मांगरोल में अब छोटे बच्चों के लिए आधार बनाने का आधार केंद्र चालू कर दिया गया है ,लंबे समय से मांगरोल कस्बे में आधार केंद्र के काउंटर बंद होने के कारण कई लोगों को अपने बच्चों के आधार बनाने में आ रही है परेशानी ,इसलिए केंद्र सरकार के निर्देश अनुसार मांगरोल डाकघर में अब छोटे बच्चों के आधार बनाए जाएंगे निशुल्क 1 से 5 वर्ष के बच्चों के निशुल्क है 5 से 10 बच्चों के बच्चों के लिए भी बनाए जाएंगे ,लेकिन नाम परिवर्तन करने के लिए जो निर्धारित राशि दी गई है उसी के आधार बनाए गे, बड़ों के आधार भी बनाए जाएंगे माँगरोल क्षैत्र के आसपास गांवो के छोटे बच्चों के आधार डाकघर मांगरोल में बनाए जाएंगे ,अब नहीं जाना पड़ेगा इधर-उधर बच्चों को आधार बनाने के लिए यह शिवीधा उपलब्ध कराई गई है ,केंद सरकार के द्वारा यह जानकारी ठामीण पोस्टमैन जयप्रकाश पारेता ने बताया कि छोटे बच्चों का आधार बनाने के लिए नगर में इधर-उधर घूम रहे थे।

लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती पर तिरंगा पदयात्रा निकाली

कोटा, (निसं)। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती सरदार 150 के तहत रविवार प्रातः 9 बजे शहीद स्मारक से पदयात्रा (यूनिटी मार्च) निकाली गई। हाथों में तिरंगा लहराते हुए कोटावासी यूनिटी मार्च में शामिल हुए। मार्च में युवा, छात्र-छात्रा, खिलाड़ी, सरकारी अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन शामिल हुए। पदयात्रा में आगे चल रहे कच्छी घोड़ी कलाकारों का नृत्य भी आकर्षण का केन्द्र रहा। छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक सहित अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर देश को एक और अखंड बनाया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर हमें राष्ट्र को मजबूत बनाने का संकल्प लेना होगा। लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा कि विभिन्न रियासतों के एकीकरण के बाद एकीकृत राजस्थान के लिए उस समय तत्कालीन कोटा महाराव ने कोटा रियासत का राजकोष खोल दिया। उन्होंने करीब 500 रियासतों के एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को भी याद किया। शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि देश को एकता के सूत्र में पिरोने में लौह पुरुष सरदार पटेल द्वारा किए गए प्रयास अविस्मरणीय हैं। पदयात्रा के शहीद स्मारक से रवाना होने से पहले कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, आयुक्त नगर निगम कोटा ओम प्रकाश मेहरा, पदयात्रा संयोजक राकेश मिश्रा सहित अन्य ने शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभी अतिथियों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कोटा में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर के शहीद स्मारक से पदयात्रा (यूनिटी मार्च) निकाली गई हैं।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में वर्षगांठ समारोह आयोजित

कोटा, (निसं)। कोटा शहर स्थित श्री पार्श्वनाथ निलय में रविवार को श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के वर्षगांठ समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गणिनी आर्यिका विभाश्री माताजी (संसंघ) का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। सुबह 6 बजे जिनसहस्त्रनाम अभिषेक तथा शांतिधारा के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात् श्रद्धालुओं को पूज्य गुरु माँ के मंगलमय उपदेश सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जैन समाज की महिला मंडल ने संगीतमय भक्तिभाव से मंगलाचरण प्रस्तुत किया। दोपहर 1 बजे से जिनसहस्त्रनाम विधान का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 से 250 श्रावकों ने बैठकर पूजा-अर्चना की और धर्मार्जन किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए गुरु माँ ने धर्म के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सांस्कृतिक, खेल गतिविधियों के लिए कोटा में नया रेलवे कॉम्प्लेक्स

कोटा, (निसं)। कोटा मंडल में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की गतिविधियों के लिए विकसित किए जा रहे अत्याधुनिक रेलवे इंस्टीट्यूट एवं सामुदायिक भवन परिसर का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है। यह बहुउद्देश्यीय परिसर टीए कैंप के समीप एवं रेलवे अस्पताल के पीछे लगभग 2600 वर्गमीटर क्षेत्र में तैयार किया जा रहा है। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 14.92 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है।

रेलवे द्वारा इसे सुरक्षित, आधुनिक एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप डिजाईन किया गया है। निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि इस परियोजना को निर्धारित ढांचे एवं प्रक्रियाओं के साथ चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जा रहा है। परियोजना की लक्षित पूर्णता तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। रेलवे का उद्देश्य कर्मचारियों और उनके परिवारों को खेल, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक ही परिसर में सुलभ एवं आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना हैं।

■ यह बहुउद्देश्यीय परिसर टीए कैंप के समीप एवं रेलवे अस्पताल के पीछे लगभग 2600 वर्गमीटर क्षेत्र में तैयार किया जा रहा है।

प्रस्तावित परिसर में लगभग 900 वर्गमीटर क्षेत्रफल का अत्याधुनिक बैडमिंटन हॉल विकसित किया जा रहा है, जिसकी ऊंचाई लगभग 9 मीटर होगी। हॉल में उच्च गुणवत्ता वाली लकड़ी की फ्लोरिंग का निर्माण किया जा रहा है तथा आवश्यकता अनुसार मैट से कवर किए जाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इस हॉल का निर्माण राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप किया जा रहा है ताकि भविष्य में उच्चस्तरीय खेल आयोजन एवं प्रशिक्षण संभव हो सके। मुख्य भवन की ऊंचाई लगभग 4.8 मीटर निर्धारित की गई है, जिससे समुचित वेंटिलेशन एवं स्पेस मिल सकेगा। रेलवे इंस्टीट्यूट एवं सामुदायिक भवन को अलग-अलग सुविधाओं एवं उपयोगिता के आधार पर डिजाईन किया गया है, ताकि दोनों परिसरों का उपयोग उनके उद्देश्य के अनुसार सुचारू रूप से हो सके। सामुदायिक भवन में सांस्कृतिक, सामाजिक तथा पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु पर्याप्त स्थान तथा मंच (स्टेज) का निर्माण किया जा रहा है।

मंच का आकार लगभग 5 गुणा 10 मीटर प्रस्तावित है, जिसे मानकों के अनुसार विकसित किया जाएगा। इससे वार्षिक कार्यक्रम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, सेमिनार, प्रशिक्षण, बैठकें एवं अन्य आयोजन आसानी से संपादित किए जा सकेंगे। यह परियोजना रेलवे कर्मियों, उनके परिवारों एवं रेलवे समुदाय को एक ही स्थान पर आधुनिक, सुरक्षित एवं बहुउद्देशीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इस परिसर के माध्यम से खेल, सांस्कृतिक, सामुदायिक, प्रशिक्षण एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा तथा कर्मचारियों के समग्र व्यक्तित्व विकास में सहायक भूमिका निभाई जा सकेगी।

बच्चों के लिए सकारात्मक संवाद

कोटा, (निसं)। टाईप वन डायबिटीज से जूझ रहे बच्चों के लिए प्रेरणादायक, शैक्षणिक और स्वास्थ्यवर्धक आयोजन दोस्त कॉन 4 व डायबिटीज एक्सपो 2025 रामचंदानी डायबिटीज केयर एंड रिसर्च सेंटर, कोटा द्वारा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से श्री उम्मेद क्लब मेंआयोजित किया गया। आयोजन प्रमुख डॉ.जी.डी. रामचंदानी ने बताया कि इस आयोजन में रामचंदानी डायबिटीज केयर एंड रिसर्च सेंटर, सरोया आई हॉस्पिटल, श्री उम्मेद क्लब, सिंधु सोशल सर्किल, सिन्धु महिला सर्किल, दोस्त डायबिटिक चाईल्ड केयर सोसाइटी, लाइफ फॉर ए चाईल्ड ऑस्ट्रेलिया, डायरेक्ट रिलीफ अमेरिका का सहयोग व समर्थन रहा। सर्किल संयोजक प्रकाश वीर नाथानी एवं सर्किल अध्यक्ष विमल परियानी ने बताया इस आयोजन में टाईप वन डायबिटीज वाले बच्चों के लिए कई निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध करवाई गई। बच्चों और अभिभावकों के लिए शैक्षणिक सत्र, योग एवं फिटनेस सत्र, हेल्दी लाइफस्टाईल टिप्स, आंखों की जांच, पोषण परामर्श, बच्चों के लिए मनोरंजक और प्रतियोगी गतिविधियाँ, प्रश्नोत्तरी, आयोजित की गई। कार्यक्रम मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान जिन्हें यह पेशा देता है, उन्हें कोमल संवेदना भी देता है। दोस्त कॉन टाईप वन डायबिटीज से पीड़ित पीड़ितों को नई रोशनी और नई ऊर्जा देने का जो कार्य कर रहा है यह सेवा का सेवा एवं समर्पण का बेहतरीन कार्य हैं।

विशिष्ट अतिथि डॉ.के.के. पारीक, आरएसए डीआई के संस्थापक अध्यक्ष ने कहा कि खूब चलें, जितना चलेंगे उतना जिएंगे, टाईप 1 डायबिटीज कोई बीमारी नहीं जीवन में एक चैलेंज हैं। डॉ.एस.के.गोयल ने कहा आहार का संतुलन आवश्यक है और जितना वर्कआउट करेंगे उतना बेहतर जीवन होगा। प्रोटीन की मात्रा बढ़ाना एवं फैट्स एवं कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम करना आवश्यक हैं। डॉ.गिरीश माथुर पूर्व अध्यक्ष, आरएसएसडीआई ने कहा कि यह बीमारी चुनौती हो सकती है लेकिन दिशा नहीं बदल सकती। डॉ.रामचंदानी बताया कि टाईप-2 के साथ टाईप-1 डायबिटीज भी तेजी से बढ़ रही हैं, एवं मध्यम वर्ग परिवार एवं कस्बों व गांवों में ज्यादा हो रही है।

जागरूकता अभियान जारी

बूंदी, सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला परिवहन कार्यालय द्वारा दुर्घटना संभावित क्षेत्र रामगंज बालाजी नेशन हाइवे 52 पर होटल संचालकों एवं पेट्रोल पंप संचालक और उनके कर्मचारियों को सड़क दुर्घटना में पीड़ित एवं गंभीर घायल व्यक्तियों की मदद करना और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की लिए प्रेरित किया। इस दौरान सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष नितेश शर्मा नीटू कमल सैनी जय मेहरा, दीपक नामा राजकुमार, अनिल महावार दिनेश प्रजापत ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि राह वीर योजना के साथ-साथ कानून, उद्देश्य, पात्रता एवं चयन प्रक्रिया के बारे में समझाया। साथ ही मदद करने वाले व्यक्तियों को पुलिस प्रशासन एवं अस्पताल में डराने धमकाने या जबरन नाम लिखवाने, गवाह के रूम में पीड़ित करने जैसी समस्याओं के लिए सड़क सुरक्षा समिति मदद करेगी एवं राह वीर को सरकार से प्रोत्साहन राशि एवं सराहना प्रमाण- पत्र दिलाने में भी मदद करेगी। ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित स्थानों के ढाबे वालों, दुकान संचालकों का एक ठ्रुप भी बनाया गया है, जिसमें दुर्घटना होने पर उसे ठ्रुप में फोटो डालने पर या सूचना देने पर सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य तुरंत उसे स्थान पर पहुंचकर उनकी मदद करेंगे।

मेड़तवाल वैश्य समाज के चुनाव सम्पन्न

रामगंजमंडी,(निसं)। मेड़तवाल वैश्य समाज रामगंजमंडी के अध्यक्ष पद पर रविवार को सम्पन्न हुए चुनाव में राजेन्द्र कुमार बोबस अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किये गये। चुनाव अधिकारी चन्दन गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि कुल 207 में से 206 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें से राजेन्द्र कुमार बोबस को 118 मत व उनके प्रतिद्वंद्वी मुकेश कुमार गांधी को 81 मत प्राप्त हुऐं, जबकि 7 मत निरस्त किए गए। इस प्रकार राजेन्द्र कुमार बोबस को 37 मतों से निर्वाचित घोषित किया गया। मतदान को लेकर समाजबंधुओं में काफी उत्साह देखा गया। मतदान प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक हुआ। मतदान के तुरंत बाद मतगणना की गई। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर रामेश्वर गुप्ता रटलाई वाले, सचिव पद पर गोकुल प्रसाद गुप्ता (रामसुख रामकरण), उपाध्यक्ष के पांच पदों के लिए मनोज मोड़ीवाल, जितेन्द्र गुप्ता (जे.पी.प्रिंटर्स), बृजमोहन टांक (चेचट वाले), राधेश्याम गुप्ता (नेताजी), बंशीलाल गुप्ता (सोहनखेड़ा वाले), सहसचिव के पांच पदों के लिए योगेश दलाल, दिनेश गुप्ता घाटिया (सोहनखेड़ा वाले), जगदीश प्रसाद गुप्ता चौधरी, विष्णु प्रसाद गुप्ता (बड़य वाले) व रामबाबू गुप्ता (ट्रांसपोर्ट) निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये जा चुके हैं। इसी प्रकार अंकित बोबस, अभिनव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता (आर.बी.), बृजेश कुमार आचोलिया, भगवती प्रसाद गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता (धुंआखेड़ी वाले), दिनेश कुमार गुप्ता बोकड़ा, दिलीप कुमार गुप्ता (खाद वाले), लालचन्द गुप्ता गांधी (हिरियाखेड़ी वाले), मनोज गुप्ता शुक्रवारिया, मनोज जुलानिया, निर्मल कुमार गुप्ता (कनवाड़ी वाले), निर्मल गुप्ता आचोलिया, पुरूषोत्तम गुप्ता (दांतियाखेड़ी वाले), प्रदीप कुमार गुप्ता (के.टी.),राजेन्द्र कुमार आचोलिया (कनवाड़ा वाले), राहुल गुप्ता (संधारा वाले), रामकल्याण गुप्ता बोबस, सचिन गुप्ता, संजय दलाल, विनीत गुप्ता (हिरियाखेड़ी वाले) को निर्विरोध कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित घोषित किया जा चुका है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र संरक्षक मदनलाल गुप्ता (धुंआखेड़ी वाले), वरिष्ठ समाजबंधु कन्हैयालाल गुप्ता (इन्दौर नमकीन), रामदयाल गुप्ता (कनवाड़ी वाले), कैलाशचंद गुप्ता (सामिया वाले) व चुनाव अधिकारी चन्दन गुप्ता एडवोकेट द्वारा प्रदान किये।

मेड़तवाल वैश्य समाज के चुनाव सम्पन्न

रामगंजमंडी,(निसं)। मेड़तवाल वैश्य समाज रामगंजमंडी के अध्यक्ष पद पर रविवार को सम्पन्न हुए चुनाव में राजेन्द्र कुमार बोबस अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किये गये। चुनाव अधिकारी चन्दन गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि कुल 207 में से 206 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें से राजेन्द्र कुमार बोबस को 118 मत व उनके प्रतिद्वंद्वी मुकेश कुमार गांधी को 81 मत प्राप्त हुऐं, जबकि 7 मत निरस्त किए गए। इस प्रकार राजेन्द्र कुमार बोबस को 37 मतों से निर्वाचित घोषित किया गया। मतदान को लेकर समाजबंधुओं में काफी उत्साह देखा गया। मतदान प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक हुआ। मतदान के तुरंत बाद मतगणना की गई। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर रामेश्वर गुप्ता रटलाई वाले, सचिव पद पर गोकुल प्रसाद गुप्ता (रामसुख रामकरण), उपाध्यक्ष के पांच पदों के लिए मनोज मोड़ीवाल, जितेन्द्र गुप्ता (जे.पी.प्रिंटर्स), बृजमोहन टांक (चेचट वाले), राधेश्याम गुप्ता (नेताजी), बंशीलाल गुप्ता (सोहनखेड़ा वाले), सहसचिव के पांच पदों के लिए योगेश दलाल, दिनेश गुप्ता घाटिया (सोहनखेड़ा वाले), जगदीश प्रसाद गुप्ता चौधरी, विष्णु प्रसाद गुप्ता (बड़य वाले) व रामबाबू गुप्ता (ट्रांसपोर्ट) निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये जा चुके हैं। इसी प्रकार अंकित बोबस, अभिनव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता (आर.बी.), बृजेश कुमार आचोलिया, भगवती प्रसाद गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता (धुंआखेड़ी वाले), दिनेश कुमार गुप्ता बोकड़ा, दिलीप कुमार गुप्ता (खाद वाले), लालचन्द गुप्ता गांधी (हिरियाखेड़ी वाले), मनोज गुप्ता शुक्रवारिया, मनोज जुलानिया, निर्मल कुमार गुप्ता (कनवाड़ी वाले), निर्मल गुप्ता आचोलिया, पुरूषोत्तम गुप्ता (दांतियाखेड़ी वाले), प्रदीप कुमार गुप्ता (के.टी.),राजेन्द्र कुमार आचोलिया (कनवाड़ा वाले), राहुल गुप्ता (संधारा वाले), रामकल्याण गुप्ता बोबस, सचिन गुप्ता, संजय दलाल, विनीत गुप्ता (हिरियाखेड़ी वाले) को निर्विरोध कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित घोषित किया जा चुका है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र संरक्षक मदनलाल गुप्ता (धुंआखेड़ी वाले), वरिष्ठ समाजबंधु कन्हैयालाल(इन्दौर नमकीन), रामदयाल (कनवाड़ी वाले), कैलाशचंद (सामिया वाले) व चुनाव अधिकारी चन्दन गुप्ता एडवोकेट द्वारा प्रदान किये गये।

क्षमा याचना दिवस संपन्न

बून्दी। संत निरंकारी मंडल बूंदी द्वारा क्षमा याचना दिवस पर आयोजित सत्संग को संबोधित करते हुए संयोजक गुरमुख दास चांदवानी ने कहा कि निराकार परमात्मा ने जो यह जगत बनाया है उसकी हर चीज़ अत्यंत खूबसूरत है। मनुष्य इस रचना का अवश्य ही आनंद प्राप्त करे, पर अपनी विवेक बुद्धि को जागृत रखते हुए इसका सदुपयोग करे, दुरुपयोग न करे। चांदवानी ने कहा कि मन को परेशान करने वाले कारण और विचार की अनदेखी करने की कला हमें आत्ममंथन से ही प्राप्त होती है। ऐसा करने से जीवन की कठिन घड़ियों को सीमित करके हम तनाव से मुक्त रह सकते हैं। मन को शांति व सुकून की अनुभूति होने से मानसिक, भावनात्मक एवं आत्मिक विकास होता चला जाता है। इन्होंने दृष्टिकोण के प्रभाव को एक उदाहरण द्वारा समझाते हुए कहा कि एक मनुष्य किसी बगीचे में फूल को देखने के बाद भी यही कहता है कि यहां तो कितने सारे कांटें हैं। वहीं पर दूसरा मनुष्य उसी बगीचे में जाकर कहता है कि अरे वाह ! यहां तो इतने सुंदर फूल हैं, इतनी खुशबू, इतनी कोमलता है; कांटे भी हैं पर वे भी इन फूलों की रक्षा के लिए कितने जरूरी है। इस तरह एक ही दृश्य को देखकर कोई परेशान हो रहा है तो कोई खुश हो रहा है।

महिला प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

रामगंजमंडी,(निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के द्वारा आयोजित महिला संवर्ग बैठक रविवार प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक मां शारदे भवन आनंद विहार कॉलोनी रामगंजमंडी में सम्पन्न हुई। उपशाखा अध्यक्ष रमेश गोचर एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गालाल अहीर ने बताया कि पूर्णतया मातृ शक्ति को समर्पित यह कार्यक्रम जिला उपाध्यक्ष बनवारी लाल यादव एवं जिला अध्यापक प्रतिनिधि प्रदीप शर्मा के पर्यवेक्षण में प्रातः 11 बजे मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ। प्रथम सत्र में बौद्धिक वक्ता कृष्णा मेहरड़ा ने अपने उद्बोधन में रानी अबक्का बाई के जीवन परिचय एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मातृ शक्ति को रानी अबक्का के समान बनने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र में बौद्धिक वक्ता निशा खण्डेलवाल ने संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ संगठन की रीति-नीति पर विस्तार से जानकारी दी। मातृ शक्ति को पुरुष वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संगठन में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। खुले सत्र में उपस्थित मातृ शक्ति ने अपनी समस्याओं को सबके सामने रखा। महिला वर्ग की चुनौतियों एवं समस्याओं पर खुली चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपशाखा महिला मंत्री सुनीता तिवारी ने की एवं मुख्य अतिथि वरिष्ठ कार्यकर्ता सीमा गुप्ता रही। अंत में महिला उपाध्यक्ष मंजुलता सोनी ने सबका आभार व्यक्त किया एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर श्याम लता जैन, लक्ष्मी कंवर, कृष्णा अहीर, सुनीता वर्मा, मोनिका, अंजू कंडेला, विनीता शर्मा, सरोज शर्मा, अल्का शर्मा, रेखा शर्मा, राधा, संगीता, राजेश कंवर, अनीता सुमन, ग्रेसी गुप्ता, शीतल जैन व शिल्पा व्यास सहित लगभग 100 मातृशक्ति उपस्थित रही। पुरुष वर्ग में राधेश्याम अहीर, रमेश गौड़, मंत्री रुपचंद वर्मा व कोषाध्यक्ष राम कुमार शर्मा ने मातृशक्ति को व्यवस्थाओं में पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

■ प्रथम सत्र में बौद्धिक वक्ता कृष्णा मेहरड़ा ने अपने उद्बोधन में रानी अबक्का बाई के जीवन परिचय एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला

हीरो होंडा शोरूम में चोरी

मांगरोल । कस्बे में इन दोनों चोरियों की वारदातें दिनों दिन बढ़ रही है । हर गली मोहल्ले में अज्ञात चोरों का आतंक हो रहा है यही हालत सीसवाली रोड हीरो शोरूम में रात के तीन से चार बजे के बीच शोरूम के चैनल गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसकर शोरूम के अंदर उनकी टेबल की दराजे को खोलकर नगद राशि चुरा के ले गए तथा अन्य समान पर भी हाथ साफ किया अंदर लगे सीसी कमरे में अज्ञात चोर मुंह पर डाटा बांधकर सालओड कर वीडियो में देखा गया है इस वीडियो के आधार पर एस के मोटर के पवन गालव ने कर्मचारी को मांगरोल थाने में भैजकर 7 नवंबर को मामला चोरी होने का अज्ञात चोर के खिलाफ वीडियो फोटो दिखाकर दर्ज कराया गया ,लेकिन अभी तक फरियादी की रिपोर्ट पर कोई कार्यवाई नही हो पाई है प्रशासन आंख मूंदकर बैठा , नगर में हो रही चोरियाँ जबकि नगर में इसमें स्मेक गांजा पीने वालो का आतंग इतना बढ़ गया है की छोटी-मोटी सामान अन्य सामान को चुरा के ले जाते और बेचकर नशा करते हैं लेकिन मांगरोल पुलिस प्रशासन द्वारा इन पर अभितक कोई सक्त कार्रवाई नहीं की जब थाना अधिकारी से चोरियो की बात करने पर पता चला कि मैं इस मामले की जानकारी करके बताता हूं ।

सार-समाचार

निमोनिया से बचाव के गुर बताए

कोटा, (निसं)। सर्दियों के दौरान 5 साल तक के बच्चों में निमोनिया से बचाव और उपचार के लिए 12 नवम्बर से 28 फरवरी तक 'सांस' अभियान (सोशल अवेयरनेस एण्ड एक्शन टू न्यूट्रलाईज निमोनिया सक्सेसफुली) चलाया गया है। सीएमएचओ डॉ.नरेंद्र नागर ने बताया कि अभियान की टेग लाईन 'निमोनिया नही तो बचपन सही' पर जागरूकता गतिविधियां की जाएंगी। अस्पतालों में जन्म से पांच साल की आयु के बच्चों में निमोनिया की प्रभावी रोकथाम संबधी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चत किए जाएंगे। आरसीएचओ डॉ.रमेश कारगवाल ने बताया कि सर्दियों के मौसम में 5 साल तक के बच्चों में निमोनिया का खतरा अधिक रहता है। अभियान में 5 वर्ष तक की आयु वाले सभी बच्चों की निमोनिया की स्क्रीनिंग की जाएगी। चिकित्सा अधिकारियों व नर्सिंग अधिकारियों को निमोनिया स्कील लैब के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक आशा को समुचित मात्रा में अमॉक्सिसीलिन सिरप और हर एएनएम व सीएचओ को इंजेक्शन जेन्टामाईसिन एवं अमॉक्सीसीलिन सिरप की समुचित मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चत करवाई जाएगी। आशा व एएनएम को प्रत्येक ब्लॉक व सेक्टर बैठकों द्वारा बच्चों में निमोनिया के लक्षण की पहचान करने के संबध में आमुखीकरण किया जाएगा। सभी चिकित्सा संस्थानों, उप-स्वास्थ्य केन्द्रों व आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा मुख्य स्थानों पर बच्चों में निमोनिया की आईईसी का प्रदर्शन व सोशल मीडिया से जनजाग्रति की जाएगी। डॉ.कारगवाल ने बताया कि बच्चों में सामान्य निमोनियो लक्षण (खांसी, तेज सांस चलना, बुखार) प्रकट होना तथा स्तनपान अथवा अन्य तरल नही पी पाना, उल्टीयां करना, दौरे आना, अत्यधिक सुस्त या बेहोश होना गंभीर निमोनिया के लक्षण हैं।

सहकार आंदोलन के मूल सिद्धांत-आत्म सहायता

कोटा, (निसं)। कोटा सहकारी भूमि विकास बैंक, कोटा की ओर से 14 से 20 नवंबर 2025 तक आयोजित 72वें अखिल भारतीय सहकार सप्ताह के दौरान सहकारिता आंदोलन की उपयोगिता, उसके सिद्धांतों तथा ग्रामीण विकास में सहकारी संस्थाओं की भूमिका पर विस्तृत विचार-विमर्श बैंक अध्यक्ष चैनसिंह की अध्यक्षता में किया गया। सप्ताहभर चले कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक संरचना में सहकारी समितियों के महत्व को रेखांकित करना और समाज के विभिन्न वर्गों में सहकारिता की भावना को मजबूत करना रहा। संगोष्ठि में उपरजिस्ट्रार सहकारी समिति राजेश मीणा, संचालक डॉ.प्राची दीक्षित, निहाल सिंह राठौड़, जगदीश प्रसाद मीणा, बैंक सचिव व उपरजिस्ट्रार ऋतु सपरा को सहकारिता एवं बैंक के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। वक्ताओं ने सहकार आंदोलन के मूल सिद्धांत-आत्म सहायता, आत्मनिर्भरता, लोकतंत्र, समानता, समता और एकजुटता को ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। इस अवसर पर भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने कहा कि लघु एवं मध्यम श्रेणी के किसानों को ऋण, खाद्य बीज तथा दीर्घकालीन कृषि ऋण उपलब्ध कराने में सहकारी संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर पर भूमि विकास बैंक किसानों की कृषि संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में निरंतर सक्रिय है। राठौड़ ने कहा कि किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा देने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा घोषित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता (ओटीएस) योजना 2025-26 एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। यह योजना भूमि विकास बैंकों के अवधिपार ऋणियों को पुनः मुख्यधारा में लाने का असाधारण अवसर प्रदान करती है। उपरजिस्ट्रार राजेश कुमार मीणा ने कार्यक्रम में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि सहकारी संस्थाएँ किसानों, ग्रामीण श्रमिकों और समुदायों को संगठित कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अहम योगदान दे रही हैं। सहकार सिद्धांतों को अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों तक पहुँचाने पर भी बल दिया गया। उपरजिस्ट्रार व बैंक सचिव ऋतु सपरा कहा कि सहकारी समितियाँ निष्ठा, ईमानदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व पर आधारित होती हैं और यही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। इन सिद्धांतों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त होता हैं।

स्काउटिंग का महाकुंभ लखनऊ में राष्ट्रीय जम्बूरी

ब्यावर ।। भारत स्काउट व गाइड प्रत्येक चार वर्षों में राष्ट्रीय जम्बूरी का आयोजन करता हैं। संस्कृति के आदान-प्रदान, सेवा भावना और नेतृत्व विकास, पर्यावरण जागरूकता, वैश्विक मित्रता को बढ़ावा देना एंव शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के उद्देश्य को लेकर जम्बूरी आयोजित की जाती हैं। भारत में प्रथम राष्ट्रीय जम्ब